एक नजर में

## फार्मर आईडी बनाने लगाया शिविर



**चोपना।** बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चोपना में फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमें समिति के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के किसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया गया। इसके अलावा किसानों को ई-टोकन बुकिंग संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कराया योगाभ्यास

**बैतूल।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भारत भारती जामठी द्वारा 100 दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल एवं प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन तथा उपप्राचार्य डॉ. राजकुमार मिश्रा द्वारा तैयार की गई रूपरेखा के तहत जिलेभर में योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार 2 जून को महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. हिमांशु मालवीय तथा इंटरनी ललित, हेमंत, प्राची और मयूरी ने बैतूल के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गंज क्षेत्र सहित विभिन्न इलाकों में योग प्रशिक्षण कराया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न गांवों और स्थानों पर पहुंचकर लोगों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि योग के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और निरोगी जीवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर 21 जून 2026 तक बैतूल के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

## अभिनव का क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए चयन

**मुलताई।** नगर के वसंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र अभिनव नीरज कुमार बघेले का चयन द्वितीय किंग गोल्ड कप इंटरनेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता पटाया, थाईलैंड में आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। अभिनव का चयन जिले, विद्यालय एवं प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। मध्य प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव निखलेश गौर ने बताया अभिनव का चयन राष्ट्रीय स्तर एवं प्री-इंटरनेशनल कैंप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण एवं कैंप 30 मई से 3 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। अभिनव ने अपनी लगन, मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होना न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बैतूल जिले और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। अभिनव की इस सफलता में उनके कोच एवं मार्गदर्शक शिक्षक अमित कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# अपर कलेक्टर वंदना जाट ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 2 जून. मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर वंदना जाट ने नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं।**

**प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश**

**भूमि का पट्टा बनाए जाने की मांग**



जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर जाट ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**भूमि का पट्टा बनाए जाने की मांग :** जनसुनवाई में ग्राम बोरगांव निवासी हेमराज ने कृषि भूमि से आने-जाने के लिए रास्ता दिलवाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। सोनाघाटी बैतूल निवासी सुनीता पवार ने भूमि का पट्टा बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने खेड़ी सावलीगढ़ नायब तहसीलदार को आवेदक के समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम बोडी निवासी रामदयाल ने सीमांकन नहीं होने की शिकायत की, जिस पर अपर कलेक्टर ने बैतूल ग्रामीण तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। झल्लार निवासी अनिल ने सीमांकन का पंचनामा दिलाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने नायाब तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम सोहागपुर निवासी मैनूबाई ने भूमि पर हुए अवैध कब्जे में निर्माण कार्य रोकने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार बैतूल बाजार को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश

जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम चिखलपटी निवासी दिनेश ने काली मंदिर परिसर में अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को अतिक्रमण पाए जाने पर हटाने के निर्देश दिए। ग्राम बोडी निवासी रामदयाल ने सीमांकन नहीं होने की शिकायत की, जिस पर अपर कलेक्टर ने बैतूल ग्रामीण तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। झल्लार निवासी अनिल ने सीमांकन का पंचनामा दिलाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने नायाब तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

### जाति वैधता प्रमाण पत्र बनाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम राजनी निवासी पंढरी ने बगैर नापे अनावेदक को पटवारी द्वारा कब्जा देने की शिकायत की, जिस पर अपर कलेक्टर ने भैंसदेही तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम सोहागपुर निवासी मैनूबाई ने भूमि पर हुए अवैध कब्जे में निर्माण कार्य रोकने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर अपर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार बैतूल बाजार को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। भैंसदेही तहसील के ग्राम मालनी निवासी धनराज द्वारा जाति वैधता प्रमाण पत्र बनाने के आवेदन पर अपर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम करपा निवासी कलस बाई ने सम्मान निधि की राशि दिलाने की मांग की। जिस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार आमला को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## सीएमओ के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारी

**बैतूल। नगर पालिका में कार्यालयीन अनुशासन को लेकर सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाते हुए विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया।**

**अनुपस्थित कर्मचारियों का कटेगा वेतन**

**समय पर कार्यालय पहुंचने के दिए निर्देश**



निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य व्यवस्था एवं कार्यालय संचालन की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया। जांच के दौरान कुछ कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण में सामने आई लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए श्री पाण्डेय ने संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के एक दिवस के वेतन में कटौती किए जाने के आदेश जारी किए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने तथा अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्यालयीन व्यवस्था का सुचारु एवं अनुशासित होना आवश्यक है। श्री पाण्डेय ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि आगे में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार किए जाएंगे। यदि किसी कर्मचारी द्वारा लापरवाही, अनियमितता या अनुशासनहीनता बरती जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त से सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को कार्यालयीन अनुशासन का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी।

## नपाध्यक्ष ने किया ताप्ती स्लुज गेट का निरीक्षण

**मुलताई।** नगर में ताप्ती सरोवर पर निर्माणाधीन स्लुज गेट एवं तालाब के घाटो सहित सौन्दर्यकरण के कार्यों का मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार सहित पार्षदों द्वारा निरीक्षण कर ठेकेदार को नियत समयावधि में कार्य करने के निर्देश दिए।इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष परमार, पार्षद शिल्पा शर्मा,रितेश विश्वकर्मा, अजय यादव और भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, नमन अग्रवाल प्रहलाद सिंह परमार ने पहले शनि तालाब पर निर्माणाधीन घाटों का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित नगर पालिका के उपयंत्री महेश शर्मा सहित ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी कार्य नियत समयावधि में बारिश से पूर्व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किए जाए विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिसके बाद ताप्ती सरोवर के निर्माणाधीन स्लुज गेट पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।उपयंत्री महेश शर्मा ने बताया स्लूज गेट के निर्माण के लिए सरोवर का पानी रोकने बोरियो में मिट्टी भरकर बंधान किया जा रहा है,जिससे निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सके। उन्होंने बताया पानी रोकने के बाद स्लूज गेट का निर्माण अगले 15 दिनों के भीतर पूरा करने कस निर्देश ठेकेदार को दिए है, यदि मौसम अनुकूल रहा, तो सभी कार्य 15जून तक पूर्ण कर लिए जाएगे।नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने बताया ताप्ती सरोवर नगरवासियो की आस्था का केंद्र है,सरोवर कद ओवरफ्लो के दौरान पानी निकालने के लिए स्लुज गेट का गुणवत्ता पूर्ण होना जरुरी है।



## खाद-बीज की समस्या से कलेक्टर को कराया अवगत

**चोपना।** किसान खाद-बीज के लिए परेशान हो रहे है। खाद नहीं मिल रहा है। जिसे लेकर चोपना क्षेत्र के कुछ कृषक कलेक्टर से मिले। कलेक्टर बैतूल से चर्चा की और समस्या से अवगत करवाया। कलेक्टर ने अति शीघ्र निराकरण करने के आदेश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने जिला कृषि अधिकारी को बुलवाया और तत्काल समस्या का निराकरण करने के आदेश दिये। जिला कृषि अधिकारी ने प्रमाण पत्र के साथ उपार्जन एवं केसीसी खाता की फोटो कॉपी इत्यादि दस्तावेज जमा कराने का कहा।



## भूमि विक्रय पर रोक लगाने ताप्ती ट्रस्ट ने सौंपा ज्ञापन

**मुलताई। नगर में स्थित नार्ड टेकड़ी की भूमि का सीमाकन करने एवं भूमि की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष,पार्षदों एवं भाजपा नेताओं तथा मां ताप्ती मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने मंगलवार को एसडीएम राजीव कहार से चर्चा कर ज्ञापन सौपा है।**



नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार, पार्षद वर्षा गढेकर, रितेश विश्वकर्मा,अजय यादव, पिल्लु महेंद्र जैन, सुरेश पौनीकर,नवनीत चंदेल ने सौपे ज्ञापन में बताया मां ताप्ती नदी का उदगम स्थल सरोवर के उत्तर में स्थित है, जिसे प्राचीन काल से नारद टेकड़ी के नाम से जाना जाता है। हाल ही में समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी सामने आई है कि इस क्षेत्र की भूमि की खरीद-बिक्री की जा रही है। आवेदकों ने आशंका व्यक्त की है कि यह भूमि ताप्ती उद्गम स्थल से संबंधित हो सकती है।उक्त भूमि श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था से जुडी है उन्होंने कहा कि यदि समय रहते स्थिति स्पष्ट नहीं की गई, तो नगर में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। प्रशासन से नारद टेकड़ी और ताप्ती उद्गम स्थल का राजस्व अभिलेखों के आधार पर नाप कराकर सीमांकन करने, स्थल को चिन्हित करने और जांच पूरी होने तक संबंधित भूमि की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की मांग की गई है।

## विक्की सिंह को मिली सारनी-1 मंडलम की जिम्मेदारी

**सारनी।** कोल नगरी के वरिष्ठ नेता एवं जिला महासचिव विक्की सिंह को सारनी-1 मंडलम की जिम्मेदारी मिली है। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पदाधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन किया गया है। संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे ने जिला महासचिव विक्की सिंह को राजनीतिक, सामाजिक एवं जातिगत सर्वेक्षण सहित विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विक्की सिंह मंडलम अध्यक्ष राफे बक्श एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस महासचिव वसीम खान सहित अन्य पदाधिकारियों को भी विभिन्न विभागों एवं मंडलमों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं,विक्की सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही।



## नशे की हालत में युवकों ने बाइक को लगाई आग

**सारनी।** शोभापुर क्लब कॉलोनी में रविवार दोपहर करीब 1 बजे आपसी विवाद के बाद गली में खड़ी मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से कॉलोनी में दहशत है। वार्डवासियों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में हो रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। वार्ड के लोगों ने बताया कि कॉलोनी की एक झोपड़ी में लंबे समय से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। रोजाना दर्जनों शराबी यहां जमावड़ा लगाते हैं। नशे में गाली-गलौज, मारपीट और हंगामा आम बात है। रविवार दोपहर भी शराबियों के दो गुटों में विवाद हुआ, जिसके बाद एक पक्ष ने गुस्से में गली में खड़ी बाइक में आग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक लोग पानी लेकर दौड़े, बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई।वार्डवासियों का कहना है कि इलाके में अवैध शराब बिक्री के कारण आए दिन विवाद होते हैं। लोगों ने पाथाखेड़ा पुलिस से अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी मनोज उईके ने बताया कि बाइक आगजनी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। मौका निरीक्षण किया गया है। आगजनी का मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। बाइक मालिक और आग लगाने वाले की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



## कांग्रेसियों को मजबूत करना प्रमुख लक्ष्य : अजय सिंह

**बैतूल। कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका देने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय बैतूल में कांग्रेस की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय सिंह राहुल भैया ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेसियों को एकजुट कर गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना ही पार्टी का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है और कांग्रेस की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता ही हैं। अजय सिंह राहुल भैया ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस को जनता के बीच और अधिक सक्रियता के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब हर कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बैतूल प्रवास के दौरान अजय सिंह राहुल भैया सबसे पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा के निवास पहुंचे। यहां उनके साथ सुखदेव पांसे, समीर खान, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, लोकेश पगारिया, लवलेश बब्बा राठौर, हर्षवर्धन धोटे, मोनू बड़ोनिया, मनोज आहूजा, राजकुमार चौबे, संजय सरदार, प्रीतेश गंगारे और जितेन्द्र इवने उपस्थित रहे। स्वल्पाहार के दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।

नियुक्ति | ऊर्जा विभाग ने जारी किया आदेश

# मंजीत सिंह तीसरी बार बने एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 2 जून. मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर में बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। ऊर्जा विभाग ने शनिवार 23 मई 2026 को आदेश जारी कर मंजीत सिंह को कंपनी का प्रबंध संचालक नियुक्त किया है।**



अपनी कुशल कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन के चलते मंजीत सिंह तीसरी बार कंपनी के सीएमडी का प्रभार संभालेंगे। मंडल सूत्रों ने बताया कि मंजीत सिंह पहली बार वर्ष 2020 मई में एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक बने थे। इसके बाद लगातार बेहतर प्रदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के चलते दूसरी बार 2023 में और यह तीसरी बार है जब शासन ने उन पर भरोसा जताया है। ऊर्जा क्षेत्र में उनकी पकड़, तकनीकी समझ और निर्णय लेने की क्षमता को कंपनी के लिए बेहद अहम माना जाता है। सूत्रों के अनुसार मंजीत सिंह के पिछले कार्यकाल में कंपनी ने उत्पादन और वित्तीय मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। प्लांटों की दक्षता बढ़ाने, समय पर मेंटेनेंस, कोयला प्रबंधन और कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय में उनके अनुभव को देखते हुए शासन ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। सारनी, सिंगाजी और अमरकंटक थर्मल पावर प्लांटों में उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करने में उनकी अहम भूमिका रही है। ऊर्जा विभाग ने आदेश क्रमांक एफ-3-7/2012/तेरह के अनुसार, राज्य शासन ने म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की कंडिका 58 ई के परन्तुक में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह नियुक्ति की है। आदेश के मुताबिक मंजीत सिंह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम एक वर्ष की अवधि अथवा चयन समिति के माध्यम से चयनित तथा राज्य शासन द्वारा नियुक्त नए प्रबंध संचालक के पदभार ग्रहण करने की तिथि अथवा आगामी आदेश, जो भी पहले हो, तक इस पद पर बने रहेंगे। यह आदेश मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग नीरज मण्डलोई के हस्ताक्षर से 23 मई 2026 को भोपाल से जारी किया गया है।एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड प्रदेश में बिजली उत्पादन के लिए जिम्मेदार सबसे बड़ी सरकारी कंपनी है। कंपनी के अंतर्गत सारनी, सिंगाजी, अमरकंटक सहित अन्य बड़े थर्मल पावर प्लांट आते हैं। प्रदेश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में एमपीपीजीसीएल की बड़ी हिस्सेदारी है। ऐसे में प्रबंध संचालक का पद बेहद अहम माना जाता है।ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि मंजीत सिंह के अनुभव और कुशल नेतृत्व से कंपनी को प्लांटों के आधुनिकीकरण, उत्पादन लागत घटाने और नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। कर्मचारियों में भी उनके दोबारा प्रभार संभालने से उत्साह है। एमडी पद पर मंजीत सिंह को बनाये जाने पर चीफ इंजीनियर एस के लिल्होरे, सेवानिवृत एडीशनल चीफ इंजीनियर एवं नई इकाई निर्माण कार्य एक्सपर्ट एसएन सिंह ने बधाई प्रेषित की है।

## पुतला दहन के दौरान पुलिस की भूमिका पर सवाल

**चिचोली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए कथित विवादित बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चिचोली के जय स्तंभ चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मध्य प्रदेश पूर्व सचिव मनोज एवं एनएसयूआई अमन खान के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जय स्तंभ चौक पहुंचे और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। बताया जा रहा है कि पुतला दहन के समय पुलिस बल मौके पर मौजूद था, लेकिन उसने पुतले को जलने से रोकने के लिए कोई प्रभावी प्रयास नहीं किया। पुतला पूरी तरह जल जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने उसे बुझाने का प्रयास किया। यही प्रयास पहले किया जाता तो मुख्यमंत्री पुतला दहन करने से बचाया जा सकता था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के विरोध में प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में पुतला दहन कार्यक्रम की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब प्रशासन को कार्यक्रम की जानकारी थी तो आवश्यक व्यवस्थाएं और रोकथाम के उपाय पहले से क्यों नहीं किए गए। हालांकि इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनका विरोध लोकतांत्रिक तरीके से किया गया, जबकि स्थानीय लोगों के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है।

